Important Questions Class 6 Hindi Chapter 3 नादान दोस्त

प्रश्न 1. चिड़िया ने अण्डे कहाँ दिए ?

उत्तर : केशव के घर कार्निस के ऊपर चिड़िया ने अण्डे दिए।

प्रश्न 2. अण्डों को कौन ध्यान से देख रहा था ?

उत्तर : केशव और उसकी बहन श्यामा अण्डों को ध्यान से देख रहे थे।

प्रश्न 3. उनके दिल में कैसे सवाल उठते थे ?

उत्तर : केशव और श्यामा के मन में ये सवाल उठते कि अण्डे कितने बड़े होंगे, किस रंग के होंगे, कितने होंगे, क्या खाते होंगे आदि।

प्रश्न 4. उन्हें किस चीज़ की सुध नहीं रहती थी ?

उत्तर : अण्डे देखने में वे बच्चे इतने लीन रहते कि उन्हें नाश्ते में मिलने वाले दूध-जलेबी की सुध भी नहीं रहती।

प्रश्न 5. बच्चों के मन में अंडे देखकर क्या-क्या प्रश्न उत्पन्न होते थे ?

उत्तर : बच्चों के मन में प्रश्न आते थे कि अंडे कितने बड़े होंगे; वे किस रंग के होंगे; कितने होंगे; क्या खाते होंगे; उनसे बच्चे किस तरह बाहर निकलेंगे; घोंसला कैसा है होगा |

प्रश्न 6. बच्चों के प्रश्नों के उत्तर माता-पिता क्यों नहीं देते थे ?

उत्तर : माता को घर के काम-काज से फुरसत नहीं थी और पिता हर समय पढ़ने-लिखने में लगे रहते थे।

प्रश्न 7. दोनों चिड़ियाँ बार-बार कार्निस पर क्यों आती थीं और वहाँ बैठे बिना ही क्यों जाती थीं ?

उत्तर : कार्निस पर चिड़िया ने अण्डे दिए थे। चिड़ा और चिड़िया बार-बार उन अण्डों को देखने के लिए आती थी लेकिन जब अण्डे ही न रहे तो वहाँ अण्डों को न पाकर वे वहाँ बैठे बिना ही उड़ जाती थी।

https://www.evidyarthi.in/